दैनिक भास्कर 08/05/25

# हरियाणा गर्ल्स बटालियन ने कराई मॉक ड्रिल



**अम्बाला** | कैंट स्थित गांधी मेमोरियल कॉलेज में वन हरियाणा गर्ल्स बटालियन के दिशा-निर्देशों के तहत 7 मई को एनसीसी द्वारा सिविल मॉक ड्रिल कराई गई। ड्रिल में 29 गर्ल कैडेट्स और 26 बॉय कैडेट्स समेत कुल 55 कैडेट्स ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने की। उन्होंने छात्रों को देशभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया। इसके बाद एएनओ डॉ. नैन ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया। सीटीओ डॉ. तृप्ति शर्मा ने जानकारीपूर्ण व्याख्यान दिया। ड्रिल का अगला चरण नर्सिंग फैकल्टी की टीम ने संभाला। डॉ. पुनीत और ट्यूटर शिवानी ने फर्स्ट एड किट के प्रयोग और आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार की जानकारी दी। कॉलेज के गांधी ग्राउंड में नागरिकों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की मॉक ड्रिल कराई गई।